an>

Title: Need to set up power plant and mineral-based industries in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand -laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मेरे संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले यथा पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिलों की पंक्ति में आते हैं । जैसा कि आप जानते हैं कि आकांक्षी जिलों में आने का ही मतलब होता है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है । पूरे झारखण्ड राज्य में मात्र यही एक (सु) संसदीय क्षेत्र है ।

इस संसदीय क्षेत्र में आज तक एक भी कल-कारखाना नहीं लगा है । दुर्भाग्यवश एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी वह भी बंद हो गयी है । लोग पलायन कर गए हैं या पलायन कर रहे है । कुछ लोगों ने तो गरीबी और जिन्दगी से तंग आकर उग्रवादियों की शरण ले ली । सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह है कि मेरा पूरा संसदीय क्षेत्र खनिज पदार्थों से भरपूर है यहाँ पर कोयला प्रचुर मात्रा में है । इसके अलावा ग्रेफाइड है, लाइम स्टोन है बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साइट है । ये बाक्साइट मेरे दोनों जिलों से होकर मिर्जापुर जाता है जहां अल्युमिनियम की फैक्ट्री लगी है, कोयला यहॉ से देश के थर्मल प्लांट में जाता है जो उस क्षेत्र में रौशनी देने का काम करता है जहाँ वह स्थापित है । हमारे संसदीय क्षेत्र का जिला गढ़वा है जहां भवनाथपुर थर्मल पावर प्लांट बनाने के लिए जमीन भी उपलब्ध है, कोयला भी है, सोन नदी का पानी भी है, मानव संसाधन भी है । अध्यक्ष महोदय थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए और क्या चाहिए । अल्युमिनियम का कारखाना लगाया जा सकता है । इसके अलावा ग्रेफाइट की उपलब्धता और गुणवत्ता के आधार पर ग्रेफाइड पर आधारित इंडस्ट्री लगायी जा सकती है । लाइम स्टोन की बहुत सारी खदानें हैं जो अभी बंद पड़ी हैं उसे शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जा सकता है । अध्यक्ष महोदय रोजगार के अभाव में लोग दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश हैं । नौजवान फस्ट्रेटिड हो रहे हैं ।

अतः सरकार से अनुरोध करता हूं कि संबंधित विभागों के आदरणीय मंत्रियों को निदेशित करने की कृपा करें ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र में जो कल-कारखाना स्थापित हो सके, लोगों को रोजगार मिल सके, लोग पलायन के लिए मजबूर न हों।